
# रूसी कंपनियां डिफेंस कॉरिडोर में करेंगी निवेश

NBT रिपोर्ट, लखनऊ

रूस की कंपनियां डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर में निवेश करेंगी। इन्वेस्ट यूपी ने रूसी कंपनियों को डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश करने की पहल शुरू कर दी है। हाल ही में इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने रूसी रक्षा क्षेत्र की कंपनियों और इंडिया-रशिया कोलैबरेशन चैंबर के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निवेश पर चर्चा की। इस दौरान कई रूसी कंपनियों ने डिफेंस कॉरिडोर में निवेश करने और एयरोस्पेस सेक्टर में सहयोग देने पर अपनी सहमति दी है। इन्वेस्ट यूपी के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक जल्द ही इस बाबत एक पूरी कार्ययोजना तैयार कर रूस की डिफेंस कंपनियों के साथ चर्चा की जाएगी, जिससे डिफेंस कॉरिडोर में कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित किया जा सके।

**निवेश बढ़ाने के लिए बनाई गई स्पेशल डेस्क**




रूस की रक्षा निर्माण क्षेत्र की कंपनियों का निवेश बढ़ाने के लिए इन्वेस्ट यूपी ने रूस डेस्क का निर्माण किया है। इस डेस्क का काम है कि वो रूस के निवेशकों से संवाद स्थापित कर, उनके निवेश को जमीन पर उतारने में मदद करें। इसके लिए डेडिकेटेड कर्मचारियों को रखा गया है। रूसी कंपनियां विशेष तौर पर रक्षा क्षेत्र और एयरोस्पेस सेक्टर में निवेश की इच्छुक हैं। गौरतलब है कि विभिन्न देशों से निवेश बढ़ाने के लिए इन्वेस्ट यूपी ने अलग-अलग देशों की डेस्क का निर्माण कर रखा है।